# बिहार सरकार
# आपदा प्रबंधन विभाग

## बाढ़ 2026 : प्रेस विज्ञप्ति
(11 अक्टूबर 2026)

**समयः अपराह्न 05:30 बजे**

1. **बाढ़ की वर्तमान स्थिति :** सितम्बर माह के अंतिम सप्ताह में नेपाल एवं राज्य के सीमावर्ती जिलों में हुई अत्यधिक वर्षापात के कारण गंडक नदी के जलस्तर में अप्रत्याशित वृद्धि होने के फलस्वरूप राज्य के **06** जिले, **यथा पश्चिम चम्पारण, पूर्वी चम्पारण, गोपालगंज, सारण, मुजफ्फरपुर एवं वैशाली** के कुल **33** प्रखण्डों में **173** ग्राम पंचायतों के अन्तर्गत लगभग **10.22 लाख** जनसंख्या बाढ़ से प्रभावित हुई है।

2. **किये गए राहत कार्य :**

   - **वितरित पॉलीथीन शीट की संख्या :** बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच राहत एवं बचाव कार्य हेतु अबतक लगभग **1.47 लाख पॉलीथीन शीट का वितरण किया गया है।**

   - **वितरित ड्राई राशन पैकेट की संख्या :** बाढ़ प्रभावित लोगों के बीच राहत एवं बचाव कार्य हेतु लगभग **1.69 लाख ड्राई राशन पैकेट** का वितरण किया गया है।

   - **परिचालित नावों की संख्या :** आबादी निष्क्रमण एवं आवागमन को सुगम बनाने हेतु **कुल 35 नावों का परिचालन** कराया जा रहा है। आवश्यकता के अनुसार नावों की संख्या बढ़ाने का निदेश दिया गया है।

   - **सामुदायिक रसोई केन्द्र :** बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए कुल **33** सामुदायिक रसोई केन्द्रों के माध्यम से अबतक लगभग **20.96 लाख लोगों (थाली की संख्या)** को भोजन कराया गया है।

3. **एस०डी०आर०एफ०** :– संभावित बाढ़ के दृष्टिगत त्वरित राहत एवं बचाव कार्य हेतु **एस०डी०आर०एफ० की 25 टीमों** को प्रतिनियुक्त किया गया है।

**स्थिति पर सतत् निगरानी रखी जा रही है।**